YouTube

युवाओं और ट्वीन (10 से 13 साल की उम्र के बच्चे) की खास ज़रूरतों को पूरा करने के लिए, कंटेंट के सुझाव देना

YouTube, युवा संस्कृति और शिक्षा का एक अहम हिस्सा है. YouTube पर कम उम्र के दर्शक अपनी रुचियों के हिसाब से जानकारी पाने और कम्यूनिटी की तलाश में आते हैं. फिर चाहे उन्हें नई ऐनमे सीरीज़ एक्सप्लोर करनी हो, ऐलजेब्रा के होमवर्क में मदद चाहिए हो या किसी पसंदीदा कलाकार के ट्रैक देखने हों. उन्हें नए आइडिया खोजने और खुद की भावनाओं को ज़ाहिर करने के लिए भी एक प्लैटफ़ॉर्म मिलता है. इसलिए, हम सबसे पहले कम उम्र के दर्शकों की सुरक्षा, निजता, और स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं. हम ऐसा प्लैटफ़ॉर्म और टूल उपलब्ध कराना चाहते हैं जिनकी मदद से वे अपनी रुचियों के साथ आगे बढ़ सकें.

हम समय-समय पर अपने प्लैटफ़ॉर्म और नीतियों में सुधार करके, इस ज़िम्मेदारी को पूरा करने की कोशिश करते हैं, ताकि सभी लोगों को सुरक्षित अनुभव मिल सके. YouTube में शुरुआत से ही, हमारे कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों में बताया गया है कि प्लैटफ़ॉर्म पर किस तरह के वीडियो की अनुमति है. साथ ही, नीति उल्लंघन ठीक करने वाली हमारी टीम ऐसे वीडियो हटाती रही है जिन्हें दिखाने की अनुमति नहीं है. हम कॉपीराइट की समीक्षा वाली अपनी प्रक्रियाओं, सुझाव देने वाले हमारे सिस्टम के साथ-साथ प्रॉडक्ट और नीतियों के बारे में जानकारी देने वाले दुनिया भर के हमारे पार्टनरों की मदद से, उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध कराते हैं.

YouTube पर कम उम्र के दर्शकों के विकास से जुड़ी खास ज़रूरतों को पूरा करने के लिए ज़्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए. कम उम्र के दर्शकों को ज़िम्मेदारी के साथ बेहतर तरीके से मदद उपलब्ध कराने के लिए, 2018 में YouTube ने युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई एडवाइज़री कमिटी बनाई थी. इस कमिटी में बच्चों से जुड़े मीडिया ग्रुप, बच्चों के विकास, डिजिटल लर्निंग के लिए काम करने वाले लोग, आम नागरिक के साथ-साथ, गैर-लाभकारी संस्थाओं, शिक्षा, और चिकित्सा के क्षेत्र के स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल हैं. ये लोग काफ़ी रिसर्च करते हैं और अपनी विशेषज्ञता के आधार पर, YouTube को कम उम्र के दर्शकों की बदलती ज़रूरतों के बारे में सुझाव देते हैं. साथ ही, यह कमिटी कम उम्र के दर्शकों और परिवारों के लिए बने हमारे प्रॉडक्ट, नीतियों, और सेवाओं के बारे में अपने सुझाव भी देती है.

इस एडवाइज़री कमिटी के अहम योगदानों में से एक है, युवाओं के बारे में अपने अनुभव से YouTube को सलाह देना. खास तौर पर, यह समझाना कि युवा हमारे साथ किस तरह जुड़ाव महसूस करते हैं. याल्डा टी॰ उल्स, सेंटर फ़ॉर स्कॉलर्स ऐंड स्टोरीटैलर्स की फ़ाउंडिंग डायरेक्टर और युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई YouTube की एडवाइज़री कमिटी की सदस्य हैं. वे बताती हैं, “यह बहुत अच्छी बात है कि युवा अपने हिसाब से यह चुन रहे हैं कि उन्हें क्या देखना है, क्योंकि इस तरह उनकी दिलचस्पी बनी रहती है और वे दुनिया को अलग-अलग नज़रिये से देख पाते हैं. इससे युवाओं में पहल करने की क्षमता डेवलप होती है. साथ ही, उन्हें अपने लिए और अपनी कम्यूनिटी के लिए बदलाव लाने में मदद मिलती है.”

हालांकि, गलत शिक्षा देने वाले वीडियो को लगातार देखने से वयस्कों की तुलना में, युवा नकारात्मक भावनाओं के शिकार जल्दी हो जाते हैं. ऐसे में यह ज़रूरी हो जाता है कि युवाओं के लिए कुछ नीतियां बनाई जाएं. ऐलिसन ब्रिस्को-स्मिथ, एक क्लिनीशियन और रिसर्चर के साथ-साथ युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई एडवाइज़री कमिटी की सदस्य हैं. वे बताती हैं, “बड़ी संख्या में ऐसे वीडियो हैं जिनसे युवाओं को गलत संदेश मिलता है जिसमें हानिकारक तौर-तरीकों या व्यवहार को आदर्श बताया गया हो. साथ ही, इस तरह के संदेश पाकर कुछ युवाओं में गलत या हीन भावनाएं आ सकती हैं. ऐसे में युवाओं के लिए बनाई गई नीतियों से, उन्हें सकारात्मक नज़रिया अपनाने में मदद मिल सकती है और वे दूसरों के साथ अपनी तुलना समझदारी से कर पाते हैं. साथ ही, यह तय कर पाते हैं कि असल दुनिया में अलग-अलग स्थितियों का सामना कैसे किया जाए.”

इस अहम जानकारी की मदद से, हम युवाओं और ट्वीन (10 से 13 साल की उम्र के बच्चे) के लिए वीडियो के सुझावों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध करा पाते हैं. **साथ ही, उन्हें अलग-अलग विषयों को एक्सप्लोर करने का मौका देते हैं. एडवाइज़री कमिटी से हमें उन वीडियो की कैटगरी तय करने में मदद मिली जो कि एक नज़र में नुकसान न पहुंचाने वाले लग सकते हैं, हालांकि, कुछ दर्शकों के लिए बार-बार ऐसे वीडियो देखना हानिकारक हो सकता है.** इनमें ऐसे वीडियो शामिल होते हैं:



YouTube ने इस तरह के विषयों से जुड़े वीडियो के बार-बार मिलने वाले सुझावों को सीमित करने के मकसद से, युवाओं और ट्वीन (10 से 13 साल की उम्र के बच्चे) के लिए कुछ नीतियां लागू की गई हैं. सुझावों वाले इस सिस्टम को बेहतर बनाने से, YouTube के मौजूदा कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ कम उम्र के दर्शकों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिली है. ये दिशा-निर्देश पहले से ही नाबालिगों को खान-पान के गलत तौर तरीकों (जैसे कि निजी तौर पर दावा करने वाले वीडियो, जिनमें ऐसा व्यवहार दिखाया गया हो जिसकी नकल की जा सकती है; ज़्यादा जानकारी के लिए हमारा ब्लॉग देखें) और शारीरिक रूप से झगड़ा (जैसे कि मार खाता हुआ कोई व्यक्ति) करना, जैसे विषयों पर आधारित वीडियो दिखाए जाने से रोकते हैं.

हमारा मानना है कि ऑनलाइन वीडियो से कम उम्र के दर्शकों में नई चीज़ों को जानने की दिलचस्पी पैदा होती है और वे हर चीज़ को अलग-अलग नज़रिए से देखना सीखते हैं. साथ ही, उन्हें इस बात का भी एहसास होता है कि दुनिया में उनके जैसे और भी लोग मौजूद हैं. हम कम उम्र के दर्शकों और उनके परिवारों को YouTube का सही तरीके से इस्तेमाल करने और बेहतर अनुभव देने में मदद करते रहेंगे. साथ ही, उनकी सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखेंगे.